

## एक नजर में

### ग्राम विकास हेतु प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न

**गरोठ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था 'सामाजिक एवं पर्यावरण जनजागरण समिति, बामणी' के तत्वाधान में आज गुरुवार को जनपद पंचायत गरोठ के सभागार में प्रस्फुटन समितियों के लिए एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।प्रमुख उपस्थिति एवं अतिथि इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में संजय मालवीय, कृष्णकांत सेठिया एवं राजेश पाटीदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के सदस्य मदनसिंह, कमलेश चौधरी, चौथमल रांगोठा एवं परामर्शदाता हेमंत पाण्डे सहित विभिन्न ग्रामों से आए प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी और नवांकुर सखियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में राजबहादुर सिंह सिसोदिया एवं नंदकिशोर प्रजापति ने समितियों को उनके कार्यों, दायित्वों और सामाजिक विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

### नवनिर्मित पुलिस थाना भवन का नामकरण महाराणा प्रताप थाना दलौदा चौपाटी करने की मांग

**मन्दसौर।** विधायक विपिन जैन ने नवनिर्मित पुलिस थाना भवन दलौदा चौपाटी का नाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के नाम पर रखने की मांग की है।इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है।विधायक जैन ने पत्र में उल्लेख किया कि दलौदा चौपाटी क्षेत्र में शासन द्वारा नए पुलिस थाना भवन का निर्माण किया जा रहा है, जो हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित महाराणा प्रताप नगर के समीप है ।क्षेत्र के नागरिकों एवं कॉलोनीवासियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस थाने का नाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप थाना दलौदा चौपाटी रखा जाना उचित होगा ।उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप पूरे राष्ट्र के गौरव, स्वाभिमान और अदम्य साहस के प्रतीक हैं।उनके शौर्य और बलिदान की गाथाएँ आज भी समाज को प्रेरणा देती हैं। यदि इस नवनिर्मित पुलिस थाने का नाम उनके नाम पर रखा जाता है तो क्षेत्रवासियों में गर्व की भावना और अधिक मजबूत होगी। इस संबंध में विधायक जैन ने जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना को भी पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया है, ताकि जनभावनाओं के अनुरूप थाने का नामकरण महाराणा प्रताप थाना दलौदा चौपाटी किया जा सके।उन्होंने आशा व्यक्त की कि शासन इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्रवासियों की भावनाओं का सम्मान करेगा।

### विकास के लिए पूंजीगत व्यय सर्वोच्च प्राथमिकता : उप मुख्यमंत्री देवड़ा

**मंदसौर।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि दूसरी वार्षिक रिपोर्ट में मध्यप्रदेश के राजस्व प्रदर्शन का सकारात्मक आकलन राज्य की वित्तीय अनुशासन और विकासोन्मुख नीतियों का प्रमाण है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अधोसंरचना विकास को नई गति मिली है और निवेश का माहौल लगातार बेहतर हुआ है। मध्यप्रदेश की राजकोषीय स्थिति में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। नीति आयोग द्वारा जारी दूसरी वार्षिक 'स्न्द्बह्यष्ड्ड ।द्गड्डद्यह्लद्ध ढ्ढठ्ठस्रद्ग× 2026' रिपोर्ट में राज्य के वित्तीय प्रबंधन और राजस्व प्रदर्शन का सकारात्मक मूल्यांकन किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश ने वर्ष 2021-22 से लगातार राजस्व अधिशेष बनाए रखा है, जो मजबूत कर-संग्रह और राज्य के अपने राजस्व स्रोतों में वृद्धि का परिणाम है।दूसरी वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य की राजस्व प्राप्तियाँ सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी हैं।यह वृद्धि मुख्य रूप से जीएसटी, फिस्कल हेल्थ इंडेक्स राज्यों के राजकोषीय प्रदर्शन का व्यापक और तुलनात्मक मूल्यांकन प्रस्तुत करता है तथा साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को प्रोत्साहित करता है।

# मंदसौर में एनजीओ ग्रुप का होली मिलन समारोह



**मंदसौर। शहर में गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) का सामूहिक होली मिलन समारोह का आयोजन पुरानी बस स्टैंड के पीछे एक निजी होटल मे सम्पन्न हुओ। इस अवसर पर सक्रिय एनजीओ ग्रुप मंदसौर द्वारा लंबे समय से बचपन बचाओ आंदोलन एवं कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के साथ मिलकर सामाजिक सेवा में कार्यरत रहे पं. महेश दुबे (डबको) का सम्मान किया गया।**

सम्मान के बाद अपने उद्बोधन में पं. महेश दुबे ने कहा कि उन्हें मिला यह सम्मान उनके जीवन में किए गए सेवाकार्यों का पारिश्रमिक से भी बढ़कर है। उन्होंने कहा कि एनजीओ क्षेत्र में रहते हुए उन्होंने कभी अपने लिए नहीं, बल्कि अभावग्रस्त बच्चों, स्लेट-पेंसिल कारखानों में कार्यरत मजदूरों और जरूरतमंद महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य किया है।उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्य तो कई लोग व्यक्तिगत स्तर पर करते हैं, लेकिन गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के माध्यम से कार्य करना समाज सेवा को संगठित, कानूनी और अधिक प्रभावशाली रूप देता है।एनजीओ का उद्देश्य बिना लाभ (नॉन-प्रॉफिट) के शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, मानवाधिकार और मजदूरों के अधिकार जैसे क्षेत्रों में निरंतर सुधार करना है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बच्चों और महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा वंचित समुदायों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करें। कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए रूरल पब्लिक सर्विसेज के डायरेक्टर राधेश्याम मारू ने पं. महेश दुबे को मंदसौर के एनजीओ क्षेत्र का वटवृक्ष बताते हुए उन्हें 'एनजीओ का पितृपुरुष' बताया और सभी का परिचय करवाया गया।

कार्यक्रम के सूत्रधार संस्था प्रियदर्शन के अध्यक्ष दिनेश सोलंकी ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में पं. महेश दुबे को सभी लोग स्नेहपूर्वक 'चाचा दुबे' के नाम से जानते हैं। उन्होंने कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के साथ कार्य करते हुए बाल अधिकारों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया और संस्था की गतिविधियों को गति प्रदान की। एनजीओ सलाहकार बलराम राठौर ने कहा कि होली मिलन समारोह के माध्यम से सभी सामाजिक संगठन एक मंच पर एकत्र हुए हैं और वरिष्ठ समाजसेवी का सम्मान करना हम सभी के लिए गौरव की बात है।उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने की बात कही।निडर युवा सेवा संस्था के अध्यक्ष शहजाद हुसैन ने कहा कि यदि एनजीओ को सही प्रशिक्षण, बाजार से जोड़ने की व्यवस्था और सरकारी योजनाओं का सहयोग मिले तो वंचित वर्गों को सरकारी नौकरी के बिना भी आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।



## 25 दिवसीय पतंजलि योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

**मंदसौर।** नगर पालिका सभाकक्ष में भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योगपीठ के निर्देशानुसार 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रतिभागियों ने भाग लिया ।26 वे दिन प्रतिभागियों की परीक्षा आयोजित की गई।

शिविर में प्रतिदिन प्रात: 6:00 बजे से 8:00 बजे तक मंत्र उच्चारण, यज्ञ, योगासन, सूर्यनमस्कार, योगिन-जॉगिंग परंपरागत व्यायाम के साथ प्रशिक्षण की शुरुआत की जाती थी। आयुर्वेद का पैकेज, बीमारियों के अनुसार हस्त मुद्राएं, अष्टांग योग, जल नेति, षट्कर्म, यज्ञ चिकित्सा, शरीर विज्ञान, आहार चिकित्सा, दिनचर्या आदि विषयों को भी शामिल किया गया।

मुख्य योग शिक्षक महेश कुमावत ने प्रतिभागियों को रोगानुसार योग, आसन का प्रशिक्षण दिया, जिसमें मोटापा, थायराइड, कमर दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, स्लिप डिस्क, सायटिका, संपूर्ण उदर रोग, मधुमेह, गैस, कब्ज, अम्लपित्त, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग, विद्यार्थियों के लिए योग, गर्भवती महिलाओं के लिए योग, हस्त मुद्रा व एक्यूप्रेशर चिकित्सा शामिल हेशिविर में स्वदेशी प्रचारक योग शिक्षक बृजमोहन सोनी ने दिनचर्या व आयुर्वेद चिकित्सा रहस्य के बारे में विस्तार से बताया। ऑनलाइन के माध्यम से उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान के प्रतिभागी भी शामिल हुए।

# उत्कृष्ट विद्यालय के समीप सीसी रोड का कार्य जारी

**मंदसौर। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि नगर पालिका परिषद मंदसौर के द्वारा वार्ड क्रमांक 12 उत्कृष्ट विद्यालय से लेकर होटल भगत चौराहा तक आवागमन को सुव्यास्थित करने हेतु सीमेंट कांक्रीट रोड का कार्य किया जा रहा है।**

इसके लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय चौराहे से लेकर हायर सेकेंडरी क्रमांक 2 के मेन गेट तक सीमेंट कांक्रीट सीसी रोड का कार्य किया जा रहा है साथ ही इस मार्ग पर सीमेंट कांक्रीट नाला का भी कार्य किया जा रहा है नगर पालिका परिषद इस कार्य पर लगभग 45 लाख रुपए खर्च करने जा रही है पूर्व में इस सड़क के क्षतिग्रस्त होने व खराब होने के कारण आम जनों को आवागमन में बहुत परेशानी आती थी यहां का नाला जो कि कई वर्षों पहले बना था कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुका था नगर पालिका परिषद ने सड़क एवं नाला निर्माण की कार्य योजना क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुनीता भावसार एवं स्थानीय नागरिकों की मांग पर बनायी और यहां का कार्य शुरू किया नगर पालिका के द्वारा नाला निर्माण का कार्य जो की आवश्यक था लगभग पूर्णता की ओर है तथा यहां सड़क के निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो गया है लगभग एक माह में यह कार्य पूर्ण होने की संभावना है नगर पालिका परिषद के द्वारा मंदसौर नगर में जहां भी सड़कों के सीसी कार्य एवं नाला निर्माण की आवश्यकता है प्राथमिकता के अनुसार यह सभी कार्य प्रारंभ होंगे तथा आम जनों को आवागमन में सुविधा हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

**एक नजर** — सुरीली तानों से मोह लिया दर्शकों का मन

# मन्दसौर के कलाकार चंदन वैष्णव ने दूरदर्शन पर दी शानदार प्रस्तुति

**दलोदा/मन्दसौर। कला और संगीत के क्षेत्र में मालवा की माटी को गौरवान्वित करते हुए जिले के दलोदा सग़रा निवासी प्रख्यात कलाकार चंदन आर्टिस्ट वैष्णव ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। संगीत के क्षेत्र में क्षेत्र का जाना-माना नाम बन चुके चंदन वैष्णव ने हाल ही में डीडी मध्यप्रदेश (दूरदर्शन) के एक विशेष कार्यक्रम में लाइव प्रस्तुति देकर अपनी कला का जादू बिखेरा।**



इस प्रसारण के दौरान उन्होंने अपनी मखमली आवाज में एक भावपूर्ण गजल पेश की, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन के साथ-साथ उन्होंने फिल्मी गीतों की सुरीली धुनें अपने सैक्सोफोन पर इस खूबसूरती से बजाईं कि दूरदर्शन देख रहे प्रदेशभर के दर्शक उनकी कला के कायल हो गए। उनकी इस दोहरी प्रतिभा ने संगीत प्रेमियों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

उल्लेखनीय है कि चंदन वैष्णव केवल गायन या सैक्सोफोन तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे एक कुशल तबला वादक भी हैं। उनकी संगीत यात्रा निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है। अभी हाल ही में धर्मनगरी उज्जैन में आयोजित प्रतिष्ठित 'विक्रम महोत्सव' में भी उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन किया था। इस भव्य महोत्सव के दौरान चंदन को अपने पूज्य गुरु डॉ. परमानंद जी के साथ तबला वादन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गुरु-शिष्य की इस जोड़ी ने महोत्सव में ऐसी जुगलबंदी पेश की कि वहां उपस्थित कला रसिकों ने उन्हें खूब सराहा। उज्जैन के सांस्कृतिक मंच से मिली यह सराहना उनके कठिन परिश्रम और कला के प्रति अटूट समर्पण का प्रमाण है।

चंदन की इस उपलब्धि पर समूचे दलोदा क्षेत्र और मन्दसौर जिले में हर्ष का माहौल है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि एक छोटे से ग्राम सग़रा से निकलकर दूरदर्शन जैसे राष्ट्रीय मंच तक पहुंचना और अपनी पहचान बनाना अत्यंत गर्व का विषय है। उनकी इस सफलता पर शुभचिंतकों और संगीत प्रेमियों ने उन्हें बधाइयां प्रेषित की हैं और उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है। चंदन वैष्णव की यह उपलब्धि न केवल युवाओं के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि यदि कला के प्रति सच्चा समर्पण हो, तो छोटे शहरों की प्रतिभा भी वैश्विक फलक पर अपनी चमक बिखेर सकती है।

# नीमच


## एक नजर में

### गणगौर महापर्व की पारंपरिक झेल निकली, बैंड-बाजों और लोकगीतों के बीच महिलाओं ने निभाई आस्था और परंपरा



**नीमच।** शहर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शीतला सप्तमी के बाद अग्र चेतना क्लब नीमच द्वारा 16 दिवसीय गणगौर महापर्व का उल्लासपूर्ण आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गांधी वाटिका से गणगौर की झेल निकाली गई। बैंड-बाजों और पारंपरिक गीतों के साथ निकली यह झेल श्रद्धा और उत्साह का आकर्षक दृश्य बन गई ।गणगौर की झेल गांधी वाटिका से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई विजय टॉकीज चौराहा, 40 नंबर चौराहा और कमल चौक से गुजरते हुए नरसिंह मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। रास्ते भर श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन के साक्षी बने और महिलाओं के साथ लोकगीतों की मधुर धुनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। झेल प्रारंभ होने से पहले गांधी वाटिका में महिलाओं ने विधि-विधान से गणगौर माता और ईशर भगवान की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने गणगौर और ईशर को जल अर्पित किया तथा पारंपरिक रूप से गणगौर के झाले दिए। आयोजन के दौरान अग्र चेतना क्लब द्वारा सुपर गणगौर और बेस्ट ईशर-गणगौर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष सविता गोयल, सुलेखा मित्तल, कविता एरन, रेखा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर कार्यक्रम में शामिल हुईं। महिलाओं ने लोकगीत गाते हुए पूरे उत्साह के साथ पर्व की परंपराओं का निर्वहन किया ।गणगौर महापर्व राजस्थान और मालवा अंचल का एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व माना जाता है। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के पावन दांपत्य जीवन का प्रतीक है।सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए यह व्रत करती हैं, जबकि कुंवारी कन्याएं मनचाहा वर पाने की कामना से गणगौर की पूजा करती हैं।16 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में महिलाएं प्रतिदिन गणगौर माता की पूजा, गीत-संगीत और पारंपरिक अनुष्ठानों के माध्यम से अपनी आस्था प्रकट करती हैं। पूरे शहर में इस आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### एडीएम एवं एसडीएम ने गैस एजेंसियों और गैस गौदामों का किया निरीक्षण



**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश एवं एसडीएम नीमच, जावद, मनासा तथा तहसीलदारों ने जिले में स्थित गैस एजेंसियों और गैस गौदामों का निरीक्षण कर, घरेलु गैस की उपलब्धता का जायजा लिया।एडीएम श्री कलेश एवं एसडीएम श्री संजीव साहू ने नीमच शहर स्थित विभिन्न गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।एसडीएम जावद सुश्री प्रीति संघवी ने भी क्षेत्र की ग्रामीण गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया। गैस एजेंसियों के निरीक्षण का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।



# एनएमएमएस परीक्षा में 6 छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

▸ कुकड़ेश्वर की बेटियों का कमाल

**कुकड़ेश्वर।नगर की अग्रणीय शासकीय शिक्षण संस्था पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकड़ेश्वर की प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपने शिक्षकों का सम्मान रखते हुए उनकी मेहनत को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया।**

प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती, इसे एक बार फिर चरितार्थ किया है पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुकड़ेश्वर की छात्राओं ने। राष्ट्रीय मेरिट कम मींस (ह्रूस्स्) छात्रवृत्ति परीक्षा के घोषित परिणामों में विद्यालय की 6 छात्राओं ने अपनी मेधा का परिचय दिया है।

**मिलेगी 48,000 की कुल छात्रवृत्ति**

चयनित छात्राओं को भारत सरकार द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिवर्ष 12,000 की राशि प्रदान की जाएगी। इस प्रकार, चार वर्षों में प्रत्येक छात्रा को कुल 48,000 की आर्थिक सहायता प्राप्त होगी, जिससे उनकी आगे की पढ़ाई का मार्ग प्रशस्त होगा।

इन छात्राओं ने किया गौरवान्वित कठिन परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण दिखाते हुए चयन सूची में अपना स्थान बनाने वाली होनहार छात्राएं हैं:

- गीतांजलि (पिता यशवंत)
- नव्या (पिता नेमीचंद)
- चंचल (पिता दिलीप)
- अलीशा (पिता इनुस)
- सुमित्रा (पिता रमेश)
- सुमित्रा (पिता लालाराम)

**मार्गदर्शक शिक्षक की मेहनत लाई रंग**-छात्राओं की इस शानदार सफलता के पीछे विद्यालय के मार्गदर्शक शिक्षक राजेंद्र जैन 'अयोग्य' की विशेष मेहनत और कुशल मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके द्वारा समय-समय पर दिए गए टिप्स और परीक्षा की विशेष तैयारी का ही परिणाम है कि विद्यालय की छात्राएं प्रतिवर्ष इस गौरव को हासिल कर रही हैं। नगरवासियों और विद्यालय परिवार ने जैन के समर्पण की सराहना की है।

**हर्ष और बधाई का सिलसिला**

विद्यालय के प्राचार्य एवं कक्षा 6 से 8 की सहयोगी शिक्षिकाएं दुर्गा कच्छावा, गायत्री पोरवाल ,दुर्गा भीयाजा, हेमलता मालवीय रितिका मालवीय ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।ग्रामीण क्षेत्र की इन बेटियों की सफलता ने पूरे कुकड़ेश्वर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

# दिल्ली के शख्स की नीमच में मौत, चश्मदीदों ने बहन पर मारपीट का आरोप लगाया

▸ पुलिस बोली- हार्ट अटैक से गई जान

**नीमच।** नीमच के टैगोर मार्ग पर बुधवार को दिल्ली निवासी एक व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत हो गई।कमल चौक के पास हुई इस घटना ने उस वक्त तूल पकड़ लिया जब प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के दावों में बड़ा अंतर देखने को मिला।मृतक की पहचान राजीव के रूप में हुई है, जो अपनी बहन अलका राव के साथ कार से सफर कर रहे थे।

मौके पर मौजूद स्थानीय दुकानदारों और लोगों का कहना है कि कार अचानक रुकी और भाई-बहन के बीच झगड़ा शुरू हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि महिला ने राजीव को बीच सड़क पर बेरहमी से पीटा, उनके कपड़े तक उतार दिए और लात-घूंसों से हमला किया।लोगों का यह भी कहना है कि जब राजीव की सांसें चल रही थीं, तब महिला ने उन्हें अस्पताल ले जाने से मना कर दिया और मदद के लिए आए लोगों को वहां से भगा दिया।

**जांच जारी**

राजीव के साथी विशाल त्रिपाठी ने बताया कि वे 'जीसूस काल' संस्था में काम करते थे।फिलहाल राजीव के शव को अंतिम संस्कार के लिए हरियाणा भेज दिया गया है।पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि मौत की असली वजह और मारपीट के दावों की सच्चाई सामने आ सके।

**पुलिस का बयान: बीमारी बनी वजह**

दूसरी तरफ, कैंट थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।पुलिस का कहना है कि राजीव लंबे समय से दिल की बीमारी से जूझ रहे थे और काफी कमजोर थे।पुलिस के मुताबिक, उनकी बहन उन्हें पीट नहीं रही थी, बल्कि संभालकर कार में बैठाने और अस्पताल ले जाने की कोशिश कर रही थी।पुलिस ने मारपीट की बात से साफ इनकार किया है।

**एक नजर** — रामेश्वर कॉलोनी में छप्पन भोग के साथ सत्संग संपन्न

# 77वें सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ में उमड़ा आस्था का सैलाब





**मनासा।** धर्म, आध्यात्म और सत्संग की परंपरा के लिए प्रसिद्ध शहर अब मंदिरों की नगरी के साथ-साथ सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ की नगरी के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। पिछले 77 सप्ताह से लगातार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित हो रहे सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ में उमड़ रही भक्तों की भीड़ इस आस्था और श्रद्धा का प्रमाण दे रही है।

अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा के विद्वान, रामराष्ट्र आराधक और ओजस्वी वक्ता संत श्री चेतनराम जी की पावन प्रेरणा से शहर में शुरू हुए इस धार्मिक प्रकल्प में हर सप्ताह सनातन परिवार के सदस्यों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में इस बार 77वां सामूहिक पाठ रामेश्वरम् कॉलोनी में भगवान को छप्पन भोग अर्पित करते हुए श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

सत्संग का शुभारंभ श्रीहनुमान जी के चित्र और श्रीलालन के सुंदर विग्रह के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर रहवासी जगदीश सोढ़ानी, गोविंद विजयवर्गीय, बलराम सोढ़ानी, अक्षय बैरागी, प्रहलाद लढ़ा, कविंद्र शास्त्री, रामकृष्ण मारु, सुनील बाहेती, दीपक श्रीमाल, गिरीराज कसेरा, मुकेश सेन, मुकेश पोरवाल, विजय समदानी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।

सत्संग के दौरान भजन संध्या में भजन गायक राजकुमार मारु ने अपने भजन के माध्यम से ठाकुर जी को छप्पन भोग का निमंत्रण दिया, वहीं निरंजन पाराशर ने श्रीगणपति जी को सत्संग में पधारने का आह्वान किया। सत्यनारायण सोनी ने जो खेल गए प्राणों पर श्रीराम के लिए भजन के माध्यम से श्रीहनुमान जी के पराक्रम का वर्णन किया। कमल विजयवर्गीय ने भगवान के संग होली खेलने की मनुहार की, जबकि विजय उपाध्याय ने छम-छम नाचे देखो वीर हनुमाना भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीमती बिंदु सोनी ने आता रहूंगा दर पर तुम्हारे भजन से ईश्वर के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त की। अरुण झंवर ने मेरे बालाजी महाराज जैकारा गूंजे गली-गली भजन से हनुमान जी का गुणगान किया, तो ओम सोनी ने सुनो सुनो श्रीराम कहानी भजन के माध्यम से श्रीराम कथा का सुंदर वर्णन किया। अन्य भजन गायकों ने भी अपने भजनों से ईश्वर आराधना के साथ फाग उत्सव का उल्लासमय वातावरण बना दिया। सनातन सत्संग मंडल द्वारा आगामी 19 मार्च को वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर सभी श्रद्धालुओं से अपने-अपने घरों पर भगवान का ध्वज फहराने का आग्रह भी किया गया।